


# षोडश बिहार विधान सभा

## प्रथम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-04 शुक्रवार, दिनांक- 04 दिसम्बर, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।

[1] शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण :-

सभा सचिव द्वारा शपथ/प्रतिज्ञान हेतु शेष बचे पाँच माननीय सदस्यों का नाम पुकारा गया, लेकिन माननीय सदस्य अनुपस्थित रहे ।

[2] महामहिम राज्यपाल का संदेश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त निम्नलिखित संदेश से सदन को अवगत कराया:-

''भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, रामनाथ कोविन्द, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को, दिनांक-03.12.2015 को चेहल्लुम के लिए अवकाश घोषित हो जाने के फलस्वरूप दिनांक-04.12.2015 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और विधान सभा वेश्म, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।''

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय सभा की अनुमति से महामहिम राज्यपाल का स्वागत करने एवं सदन में बुलाने के लिए सदन से बाहर गए । इस दौरान सभा में बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण आए । इसके बाद महामहिम राज्यपाल महोदय का आगमन सदन में हुआ तथा उनके आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया ।

[3] राज्यपाल का अभिभाषण :-

सभा सचिव द्वारा महामहिम राज्यपाल से सह समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करने हेतु अनुरोध किया गया ।

तदुपरांत महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के बाद पुनः राष्ट्रीय धुन बजाया गया । इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, महामहिम राज्यपाल महोदय को सदन से बाहर तक विदा करने गए । इस दौरान बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण सदन से वापस गए ।

महामहिम राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः आसन ग्रहण किया ।

[4] **अध्यक्षीय घोषणा :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्न घोषणा की गयी :-

(i) माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सदन नेता के रूप में मान्यता प्रदान की गयी ।

(ii) श्री प्रेम कुमार, स०वि०स० को नेता, विरोधी दल के रूप में मान्यता प्रदान की गयी ।

[5] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के प्रथम सत्र के लिए निम्नांकित सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री हरि नारायण सिंह
(ii) श्री मोहम्मद इलियास हुसैन
(iii) श्री राम नारायण मंडल
(iv) श्री (डा०) अशोक कुमार
(v) श्रीमती लेशी सिंह

[6] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के प्रथम सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | – सभापति |
| (ii) | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | – सदस्य |
| (iii) | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री | – सदस्य |
| (iv) | श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग | – सदस्य |
| (v) | श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, मंत्री | – सदस्य |
| (vi) | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री | – सदस्य |
| (vii) | श्री प्रेम कुमार, नेता, विरोधी दल | – सदस्य |
| (viii) | श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स० | – सदस्य |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) श्री अरूण कुमार सिन्हा, स०वि०स०
(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(iii) श्री ललन पासवान, स०वि०स०
(iv) श्री राज कुमार साह, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[7] **कार्यमंत्रणा समिति की बैठक :-**

आसन से घोषणा की गई कि बैठक समाप्ति के तुरत बाद अध्यक्षीय कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।

[8] **अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-**

सभा सचिव द्वारा पंचदश बिहार विधान सभा के सप्तदश सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित तथा सत्रोपरांत महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयकों का निम्न विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| (i) | बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2015 | 13.08.2015 |
| (ii) | बिहार मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन एवं विधि मान्यकरण) विधेयक, 2015 | 13.08.2015 |
| (iii) | बिहार कराधान विवाद समाधान विधेयक, 2015 | 13.08.2015 |
| (iv) | बिहार भूमि विवाद निराकरण (संशोधन) विधेयक, 2015 | 22.08.2015 |
| (v) | बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2015 | 22.08.2015 |
| (vi) | बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार विधेयक, 2015 | 24.08.2015 |
| (vii) | बिहार राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2015 | 24.08.2015 |
| (viii) | आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2015 | 24.08.2015 |

[9] अध्यक्षीय घोषणा :-

''मैं एक अनुरोध सभी माननीय सदस्यों से करना चाहता हूँ कि कल से ही या पिछले कार्य दिवस से ही मैंने देखा है और अनुभव किया है कि जब कभी कोई गंभीर विषय पर सदन में चर्चा चलते रहता है या होते रहता है तो माननीय सदस्यों का मोबाईल जब-न-तब बजते रहता है मुझे खास तौर से आज ही बुरा लगा कि महामहिम संबोधित कर रहे थे और कभी कहीं से कुछ आवाज आ रही थी, यह सही मायने में सदन की मर्यादा के बिल्कुल प्रतिकूल है इसलिए आप सभी माननीय सदस्यों का इसमें हम सहयोग चाहते हैं, अगर आप कहेंगे तो मैं आपका मोबाईल बाहर रखने की व्यवस्था करा दूंगा, वर्ना एक चीज तो सभी माननीय सदस्य निश्चित रूप से सदन में प्रवेश से पहले अपने मोबाईल को स्विच ऑफ मोड में डाल दीजिए । स्वीच ऑफ निश्चित कर दीजिए नहीं तो इससे सदन की मर्यादा भंग होती है ।''

[10] अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन :-

माननीय प्रभारी मंत्री वित्त विभाग श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन पटल पर उपस्थापित किया गया ।

[11] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | स्व० कामेश्वर प्रसाद सिंह | - | पूर्व स०वि०स० |
| (ii) | स्व० मोईदुर्रहमान | - | पूर्व स०वि०स० |
| (iii) | स्व० बाल किशोर मंडल | - | पूर्व स०वि०स० |
| (iv) | स्व० गजेन्द्र प्रसाद सिंह | - | पूर्व मंत्री एवं स०वि०स० |
| (v) | स्व० मोहम्मद मुस्ताक मुन्ना | - | पूर्व स०वि०स० |
| (vi) | स्व० (प्रो०) राजा राम पासवान | - | पूर्व स०वि०स० |
| (vii) | स्व० विश्वनाथ ऋषिदेव | - | पूर्व स०वि०स० |
| (viii) | स्व० तुलसी सिंह | - | पूर्व मंत्री एवं स०वि०स० |
| (ix) | स्व० बंधु महतो | - | पूर्व सदस्य राज्य सभा एवं विधान सभा |
| (x) | स्व० जितेन्द्र प्रसाद सिंह | - | पूर्व स०वि०स० |

तदुपरांत सभी सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवारों के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिए जायं ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-07 दिसम्बर, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाहन तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-04.12.2015

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।